<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–23 जुलाई 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कुल सैंतीस अहम प्रस्तावों को दी गई मंजूरी, अब महिलाओं के लिए एक करोड़ रुपए तक की सम्पत्ति की रजिस्ट्री में स्टांप ड्यूटी में दी जाएगी छूट।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की अधिसूचना जारी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री धनखड़ के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।
- मुख्यमंत्री आज गोरखपुर को 250 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात, गोरखपुर नगर निगम के सफाई कर्मियों और पार्षदों का करेंगे सम्मान।
- कावड़ यात्रा मार्गों पर पड़ने वाले ढाबों तथा रेस्त्रां पर जारी रहेगी प्रदेश सरकार की तरफ से लागू क्यू आर कोड की अनिवार्यता।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल लखनऊ में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल सैंतीस अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस बारे में जानकारी देते हुए कैबिनट मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने महिलाओं के नाम पर एक करोड़ रुपए तक की रजिस्ट्री में स्टांप ड्यूटी में छूट देने का फैसला किया है।

**भारत सरकार ने भी चुँकि ऐसा फैसला किया है और सभी प्रदेश की सरकारोंसे भारत सरकार ने ये अपेक्षा की है कि इस फैसले का सब लोग अनुसरण करें। उसी क्रम में ये विषय मंत्रिमंडल के सामने स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग लेकर आया । वो सिर्फ दस लाख तक के था अब उसको हम एक करोड़ का टाइप करना है। हाँ एक करोड़ तक की प्रॉपर्टी अब लेंगे तब भी उनको ये छूट का इसका लाभ उनको मिलेगा।**

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मॉनसून सत्र ग्यारह अगस्त से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड और पूर्वांचल के किसानों के लिए यूपी एग्रीज योजना के तहत जेवर में एक प्रसंस्करण हब की स्थापना की जाएगी। प्राविधिक मंत्री आशीष पटेल ने बताया कि बैठक में प्रदेश के सभी एक सौ इक्कीस राजकीय पॉलटेक्निक के उच्चीकरण और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बदलने के लिए टाटा टेक्नॉलॉजी के साथ समझौते को स्वीकृति दी गई है।

मंत्रिपरिषद की बैठक में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे को मंजूरी दिए जाने के साथ लखनऊ नोड में डीआरडीओ को लीज पर जमीन दिए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। साथ ही उन कर्मचारियों को जिनका भर्ती विज्ञापन अट्ठाइस मार्च दो हजार पांच के पहले निर्गत हुआ था, उन्हें पुरानी पेंशन का लाभ दिए जाने का निर्णय लिया गया है। बैठक के दौरान मंत्रिपरिषद ने यह भी निर्णय लिया कि अब स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत प्रदेश सरकार युवाओं को स्मार्टफोन की जगह टैबलेट उपलब्ध कराएगी।

**********

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के पद से त्यागपत्र की अधिसूचना को कल जारी कर दिया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार की देर शाम स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए त्यागपत्र दे दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल श्री धनखड़ के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री धनखड़ को भारत के उपराष्ट्रपति सहित विभिन्न पदों पर देश की सेवा करने के कई अवसर मिले। कल सुबह सदन की कार्यवाही के दौरान राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने बताया कि उपराष्ट्रपति कार्यालय में रिक्ति से जुड़ी आगे की संवैधानिक प्रक्रिया के बारे में जानकारी मिलने पर बताया जाएगा।

**********

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के कारण कल दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई । विपक्षी दल ऑपरेशन सिंदूर, बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण पहल और अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहे थे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने व्यवधान की निंदा करते हुए विपक्षी दलों पर आरोप लगाया है कि वे चर्चा नहीं चाहते।

**बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में हम लोग जो बात करते हैं और सब ने कहा कि ये प्लेकार्ड लेकर के सदन में नहीं आएंगे फिर यह अपने एमपीओ को ये पोस्टर बैनर लेकर के सदन को इस तरीके से डिस्टर्ब करना ये तो बहुत आपत्तिजनक है और वो चर्चा मांग रहे हैं हम चर्चा के लिए तैयार हैं। फिर ये सदन चलने नहीं देते हैं। ये डबल स्टैंडर्ड बिल्कुल गलत बात है। चर्चा चाहते हैं तो ये हंगामा मत करो।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी में दो अगस्त के संभावित कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस संबंध में भाजपा के काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कल बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी आगमन को लेकर

पार्टी ने 50 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों को हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे, जिससे वाराणसी के विकास को और अधिक गति मिलेगी।

**********

कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अब रात में और खराब मौसम में भी हवाई जहाज उतर सकेंगे। यहां के हवाई अड्डे के लाइसेंस को अब ऑल वेदर ऑपरेशंस के लिए अपग्रेड कर दिया गया है। इस पहल से भविष्य में कुशीनगर की कनेक्टिविटी बढ़ने और जनपद के विकास में और तेजी आने की उम्मीद बढ़ी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर का दौरा करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा गोरखपुर नगर निगम में अर्बन फ्लड अर्ली मॉनिटरिंग सिस्टम के लोकार्पण सहित दो सौ पचास करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री स्वच्छ सर्वेक्षण में पूरे प्रदेश का मान बढ़ाने वाले गोरखपुर नगर निगम के सफाई मित्रों और पार्षदों को सम्मानित भी करेंगे।

स्वच्छता में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर गोरखपुर नगर निगम ने ऊंची छलांग लगाई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 में सफाई मित्र सुरक्षित शहर श्रेणी में नगर निगम ने देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही गोरखपुर को 3 से 10 लाख की आबादी की श्रेणी में चौथी नेशनल रैंक मिली है। इस श्रेणी में प्रदेश स्तर पर गोरखपुर पहले स्थान पर है। यह उपलब्धि इसलिए भी सराहनीय है कि गत वर्ष के सर्वेक्षण में गोरखपुर की रैंकिंग राष्ट्रीय स्तर पर 24वीं और राज्य में सातवीं थी। गत वर्ष गोरखपुर को गार्बेज फ्री सिटी के थ्री स्टार केटेगरी में रखा गया था जबकि इस बार यह शहर गार्बेज फ्री सिटी की फाइव स्टार सर्टिफिकेशन में आ गया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के छत्तीसवें स्थापना दिवस में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकसित कृषि विकसित उत्तर प्रदेश–दो हजार सैंतालीस विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज भी प्रदेश में सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र कृषि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने तय किया है कि देश पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनामी बनेगा। इसके मद्देनजर प्रदेश सरकार ने भी तय किया है कि वर्ष दो हजार उन्तीस में यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनामी बनाना है।

**देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने देशवासियों के सामने जो लक्ष्य तय किया है वह लक्ष्य दो हजार सैंतालीस में एक विकसित भारत का है। स्वाभाविक रूप से विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में राज्यों को भी अपनी अपनी भूमिका का निर्वहन करना है। राज्यों की उस भूमिका के लिए हमें विकसित उत्तर प्रदेश बनाना है। विकसित उत्तर प्रदेश बनाने के लिए हमें उन सभी क्षेत्रों में अपनी उन संभावनाओं को तलाशना है। हमने तय किया है कि दो हजार उनतीस में उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाएंगे।**

**********

कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित ढाबों और रेस्त्रां पर क्यूआर कोड की अनिवार्यता का आदेश लागू रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर रोक लगाने से फिलहाल इनकार कर दिया है। एक रिपार्ट–

**उत्तर प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित खान–पान की दुकानों, ढाबों और रेस्त्रां पर मालिकों के नाम बताने वाले क्यूआर कोड को अनिवार्य किया है, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी थी। इस मामले में कल हुयी सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति एम.एम. सुन्दरेश और न्यायमूर्ति एन.के. सिंह की बेंच ने सरकार के आदेश पर रोक लगाने से फिलहाल इनकार किया है समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

आगरा में प्रसार भारती के बजट और लेखा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय विशेष सत्र का कल समापन हो गया। इस दौरान एसबीआई कैश मैनेजमेंट प्लान और ऑडिट पैरा मैनेजमेंट सिस्टम पर एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में आकाशवाणी मथुरा, अलीगढ़, रामपुर, बरेली और नजीबाबाद सहित आगरा क्लस्टर के तहत आने वाले आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी स्टेशनों के अधिकारी और प्रतिनिधि शामिल हुए।

**********